(ग) क्या सबूर समिति की सभी सिफारिशों को अब तक लागू कर दिया गया है ?

**ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री वसंत साठे)** : (क) अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों को मासिक भत्ते पर काम के निर्धारित घंटों के आधार पर अंशकालिक तौर पर नियुक्त किया जाता है ; इनकी सेवाओं को नियमित सरकारी कर्मचारियों की तरह नियमित नहीं किया जाता है । तथापि ये कर्मचारी भर्ती के अनुसार खाली स्थान उपलब्ध होने पर परीक्षा द्वारा वर्ग "घ" /पोस्टमैन और मेलगार्ड के पदों पर नियुक्ति के पात्र होते हैं । अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों को नियमित करने का अन्य कोई दूसरा तरीका नहीं है । अतः दिल्ली सर्किल के अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों को नियमित करने का प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ख) उपर्युक्त भाग (क) को मद्देनजर रखते हुए प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) जानकारी एकत्र की जा रही है जिसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।

**बरौनी तेल शोधक कारखाने के पेट्रोलियम सह-उत्पाद**

2657. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि बरौनी तेल शोधक कारखाने के पेट्रोलियम सह-उत्पादों के प्रयोग की क्या स्थिति है ?

**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में उप मंत्री (श्री रफीक आलम)** : बरौनी रिफाइनरी में कोई उपोत्पाद नहीं है क्योंकि कच्चे तेल के प्रोसेस के दौरान प्राप्त सभी स्ट्रीमों को सीधे या मिश्रण/पुनः संसाधन द्वारा तैयार उत्पादों में बदल दिया जाता है ।

**सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में राजभाषा कार्यान्वयन समितियां**

2658. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उनके मंत्रालय के अधीन ऐसे कितने तथा कौन-कौन से सरकारी क्षेत्र के उपक्रम है जिनमें राजभाषा कार्यान्वयन समितियां हैं तथा जिनमें इस प्रकार की समितियां नहीं है;

(ख) उन गैर-सरकारी सदस्यों के नाम क्या-क्या हैं जिन्हें इन समितियों में प्रेक्षक के रूप में नामित किया गया है तथा वे समितियां कौन-कौन सी हैं जिनमें इस प्रकार के सदस्य नहीं हैं, उसके कारण क्या-क्या हैं तथा प्रेक्षक कब तक नामित कर दिये जाएंगे ; और

(ग) क्या यह सच है कि इन समितियों में अध्यक्ष और सदस्य अपने-आप में राजभाषा का प्रयोग नहीं करते हैं और यदि वे इसका उपयोग करते हैं तो वे कितना-कितना प्रतिशत कार्य राजभाषा में करते है ?

**उद्योग मंत्रालय में औद्योगिक विकास विभाग में राज्य मंत्री (श्री एम० अरुणाचलम)** : (क) से (ग) जानकारी एकत्र की जा रही है और जो भी उपलब्ध होगी सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

**बिहार में अतिरिक्त विभागीय डाक सेवा**

2659. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार राज्य में कितने-कितने अतिरिक्त विभागीय डाक घर तथा अतिरिक्त विभागीय कर्मचारी हैं ;

(ख) क्या यह सच है कि अतिरिक्त विभागीय कर्मचारियों का वेतन बहुत कम है तथा अतिरिक्त विभागीय डाकपालों का वेतन तो डाकघर के भवन के किराए से भी कम है ; और